एक नजर

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर सिख संगत ने लगाया विशाल लंगर

खुटार। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) के उपलक्ष्य में नगर में श्रद्धा और सेवा भाव का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर सिख संगत समूह की ओर से नगर के तिकुनिया तिराहे पर विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इसमें सेवादारों ने राहगीरों, स्थानीय लोगों और बाजार आने-जाने वालों को श्रद्धापूर्वक पकौड़ी और चाय वितरित की। लंगर के दौरान सेवादार पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा कार्य में जुटे रहे। राहगीरों ने भी रुककर प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन के माध्यम से सिख संगत ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए मानवता, समानता, भाईचारे और निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया। गुरु जी ने सदैव जाति-पाति और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर सभी को समान मानने तथा जरूरतमंदों की सेवा करने की प्रेरणा दी। आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना।

एसडीएम ने मतदाताओं को किया जागरूक



महमूदाबाद (सीतापुर)। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अधिकारी गांवों में निकले। भारी दल बल के साथ अधिकारियों ने गांव पहुंचकर मतदाताओं को पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी।एसडीएम सुधीर कुमार, तहसीलदार उमाशंकर ने महमूदाबाद के मझिगवां, कांसा, लोधासा, मोल्हेपुर गांव में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया गया। एसडीएम ने ग्रामीणों को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। नए मतदाता के रूप में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने तथा आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 भरा जा सकता है। वहीं, नाम या पते में सुधार, मतदाता पहचान पत्र बदलवाने और दिव्यांग मतदाता के रूप में चिह्नित कराने के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जा सकता है।

धूमधाम से मनाई गई जयंती



महमूदाबाद (सीतापुर)। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की जयंती महमूदाबाद गुरुद्वारे में धूमधाम से मनाई गई। गुरूद्वारा पहुंचे लोगों को समिति के लोगों ने सरोपा पहनाकर स्वागत किया। सुबह से शाम तक लंगर चलता रहा। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर मंगलवार को महमूदाबाद गुरुद्वारा प्रबंधक जसपाल सिंह, ग्रंथी विक्रम जीत सिंह व अंजना कौर ने गुरुद्वारे पहुंची विधायक आशा मौर्य, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, सेठ राम गुलाम पटेल मेमोरियल ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. हरीश चंद्रा, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, वागीश दिनकर वाजपेयी, केके सिंह का सरोपा पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात सभी अतिथियों ने गुरूद्वारे में पवित्र गुरू ग्रंथ साहिब पर मत्था टेकते हुये लंगर छका। इस मौके पर सरदार प्रताप सिंह, सतनाम सिंह, लकी मलहोत्रा, जगदीश सिंह, मनमोहन सिंह, रवि अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की सभी शाखाओं में प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरू नानक देव के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी चेयरमैन आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मेले में उमड़े भक्त, लगे जयकारे

रामपुर मथुरा महमूदाबाद (सीतापुर)। विकास क्षेत्र रामपुर मथुरा अंतर्गत रामपुर मथुरा बांसुरा गोड़ैचा मार्ग पर स्थित सरैयां मसूदपुर ग्राम पंचायत का मजरा सेथराम , यहां के पौराणिक कालीन सेथराम भगवान शंकर के शिवलिंग के कारण दूर दूर तक विख्यात है। प्रतिवर्ष यहां कार्तिक पूर्णिमा को एक दिवसीय विशाल मेला लगता है जहां हजारों की संख्या में पुरुष स्त्री आकर भगवान भोले नाथ का जलीभिषेक कर मनोकामनाओं की पूर्ति पाते हैं। शिव मंदिर से संलग्न उत्तर करीब चार सौ वर्ष पूर्व चंद्रभागा नदी बहती थी जो अब यहां से उत्तर करीब एक किलोमीटर दूर चिखड़ी के पास ' चौका ' नदी के नाम से जानी जाती है। मंदिर के किनारे पूरब अब भी कंकड़ से बने स्नान घाट देखे जा सकते हैं। मंदिर व मेला की देखरेख यहां के गोस्वामी परिवार के लोग करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा मेला में बड़े पैमाने पर हर तरह की मिठाई,खिलौने ,बिस्तखाना,फलों ,रेडी मेड कपड़े , आदि की दुकानें आती हैं जहां से दर्शक जरूरी खरीददारी करते हैं। जन श्रुति के अनुसार इसी नदी मार्ग से गोस्वामी तुलसीदास जी चतुर्मास रामपुर मथुरा में प्रवास कर नाव द्वारा नैमीसारण्य गए थे। भगवान सेथराम भक्तों की आस्था का केंद्र हैं। अब से करीब एक दशक पहले मेला परिसर पूरी तरह शरीफा के पेड़ों से आच्छादित था किंतु यह औषधीय पेड़ अब पूर्णतया विलुप्त है। मेले के प्रमुख आयोजक लालजी गिरी, संजय गिरी तथा विनोद गिरी ने बताया कि गोस्वामी परिवार द्वारा यहां कई दिनों तक दिन में राम लीला तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। भेड़ व तीतर की लड़ाई तथा तुरही का प्रति रूप मिट्टी का भोंगा मेले के मुख्य आकर्षण हैं।

मीठे गांव टोल प्लाजा पर शिवपाल यादव का स्वागत



अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव के अयोध्या आगमन पर मीठे गांव टोल प्लाजा पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। गोसाईंगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामसागर वर्मा के नेतृत्व में पहुंचे पार्टी नेताओं और समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया।शिवपाल सिंह यादव का काफिला टोल प्लाजा पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। रामसागर वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।इस मौके पर सियाराम यादव, श्याम सिंह, जितेंद्र निषाद, विकास वर्मा, राजमोहन पटेल, प्रेमशंकर, मोहम्मद आलम, अशोक सहित अन्य कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

श्रृंगी ऋषि धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी

गोसाईंगंज, अयोध्या। कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के पावन अवसर पर श्री श्रृंगी ऋषि धाम में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर करीब चार बजे से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। हजारों लोगों ने सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्री श्रृंगी ऋषि आश्रम का विशेष ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है।

अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर बधिर संघ का सम्मान समारोह आयोजित



सीतापुर। **एसोसिएशन ऑफ द** डेफ (बधिर संघ) द्वारा स्थानीय अग्रसेन अतिथि भवन में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू, संजीवन संस्था के संस्थापक एवं भाजपा जिला मंत्री आकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा परिषद के जिला संयोजक अशोक प्रजापति, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, महासचिव डॉ. विकास चंद्र जैन तथा उत्तर प्रदेश बधिर संघ के श्रवण कुमार मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के विधिक सलाहकार सूरज राय ने किया। अतिथियों के माल्यार्पण एवं स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विकास हिंदू एवं आकाश अग्रवाल ने कहा कि बधिर एवं दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनमें असीम प्रतिभा है। उन्होंने दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर बनने पर जोर देते हुए रोजगार के अवसर दिलाने और स्वरोजगार स्थापित करने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं अशोक प्रजापति ने संघ में सांकेतिक भाषा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। अन्य वक्ताओं ने भी सांकेतिक भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संघ के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संगठन में उत्कृष्ट भूमिका निभाने हेतु महासचिव नरेन्द्र सिंह, शोभा चौहान, विधिक सलाहकार सूरज राय, ट्रांसलेटर अवनी, कोषाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव और शुभम को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ जिलाध्यक्ष नीलेश कुमार शुक्ला व महासचिव नरेन्द्र सिंह चौहान ने एसोसिएशन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर सलील कुमार शुक्ल, शुभम वर्मा, नरेन्द्र सिंह, जसप्रीत सिंह, विवेक श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव, पिंकू यादव, अंकित त्रिवेदी, राहुल गुप्ता, संदीप कुमार, रिंकू मौर्या, निधि श्रीवास्तव, अब्दुल, हेमन्त साहू, मलिना, सुधीर राठौर, राज अग्निहोत्री, बाल गोविन्दा, ज्ञानेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र सिंह, उदित, अनुज वर्मा, अंचल श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार, कृष्ण कान्ती, रवि सिंह, विशाल यादव, आदेश कुमार, प्रियांक, हर्षित मिश्रा, अरुण कुमार गुप्ता और अभिमन्यु सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गोमती में किया स्नान

बाराबंकी। जिले के हैदरगढ़ में कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को टीकाराम धाम और अवसानेश्वर महादेवा मंदिर में मेला लगा। सुबह से ही दोनों जगह श्रद्धालु पहुंचने लगे। दूर-दराज के गांवों से आए महिला, पुरुषों और बच्चों ने मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। श्रद्धालुओं ने गोमती नदी के घाट पर स्नान किया और फिर मंदिरों में पूजा-अर्चना की। घाटों और मंदिर परिसर में सुबह से लोगों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में खिलौने, मिठाई, बर्तन, सिंघाड़े और घरेलू सामान की दुकानें लगी थीं। बच्चों ने खिलौने खरीदे, जबकि महिलाओं ने घरेलू सामान और मिठाइयां खरीदीं। दुकानों पर दिनभर ग्राहक आते रहे। दोनों धार्मिक स्थलों पर दिनभर मेले जैसा माहौल रहा। लोगों ने कार्तिक पूर्णिमा पर धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना की।

दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

बाराबंकी। जिले के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में सीएचसी सूरतगंज और अंदीपुर चौराहे के पास दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक पर सवार युवक बाइक सहित मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सूरतगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उनका उपचार किया। हालत में सुधार होने पर दोनों को घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सीएचसी सूरतगंज और अंदीपुर चौराहे के पास दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एक बाइक पर सवार नूर (20) और हसीब (25) सूरतगंज कस्बा निवासी घायल हो गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों की मदद में जुट गए। इसी बीच दूसरी बाइक पर सवार युवक अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल नूर और हसीब को तत्काल सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया गया। यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. रिजवान ने दोनों घायलों का उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार होने पर चिकित्सक ने उन्हें घर भेज दिया।

बोलेरो ओवरब्रिज से 30 फीट नीचे गिरने से बिसवां के चार दोस्तों की मौत से मचा कोहराम

बिसवां नगर, सीतापुर। जनपद रामपुर क्षेत्र में सोमवार रात हुए भीषण सड़क हादसे ने सीतापुर जिले के बिसवां क्षेत्र के चार परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज से करीब 30 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में बोलेरो सवार चारों दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार को जब चारों के घरों में मौत की खबर पहुंची तो चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते घरों पर रिश्तेदारों, परिचितों और शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई। हर आंख नम थी और परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल था। मिली जानकारी के अनुसार, बिसवां निवासी सुनील पोरवाल (35) लकड़ी का कारोबार करते थे। मुरादाबाद में ओवरलोडिंग के चलते उनका एक ट्रक पकड़ा गया था। सोमवार सुबह वह अपने तीन दोस्तों रामजीवन (37), निलेश (24) और अभिषेक (25) के साथ ट्रक छुड़ाने के लिए मुरादाबाद गए थे। काम निपटाने के बाद चारों बोलेरो से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रामपुर के सहजाद नगर थाना क्षेत्र में उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज से करीब 30 फीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि चारों दोस्तों की जान चली गई। बताया गया कि हादसे के बाद उनके शव करीब 100 मीटर के दायरे में पड़े मिले।हादसे में जान गंवाने वाले रामजीवन यादव नगर पालिका में प्लंबर का काम करते थे। उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था। परिवार में पत्नी प्रीति और चार भाई हैं। पांच भाइयों में रामजीवन तीसरे नंबर पर थे। उनकी असमय मौत से पत्नी और भाइयों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

कानून की पढ़ाई करना चाहते थे निलेश

24 वर्षीय निलेश मिश्रा के पिता प्रमोद मिश्रा अधिवक्ता हैं और बार एसोसिएशन के सचिव भी रह चुके हैं। निलेश ने पॉलिटेक्निक की पढ़ाई पूरी कर ली थी। वह आगे कानून की पढ़ाई करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने दाखिले का फॉर्म भी भर दिया था। परिवार में उनका एक बड़ा भाई नितेश है। बेटे के उज्ज्वल भविष्य के सपने देख रहे परिवार पर इस हादसे ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया। वहीं सुनील पोरवाल अपने परिवार का मुख्य सहारा थे। परिवार में पत्नी रेनू, एक बेटा, एक बेटी और विधवा मां हैं। उनके दो भाई मन्नू और शिवम हैं। सुनील की मौत से परिवार के सामने आर्थिक और भावनात्मक संकट खड़ा हो गया है। हादसे में जान गंवाने वाले अभिषेक के पिता धीरज शुक्ला कोटेदार प्रतिनिधि हैं। उनकी मां खेती-किसानी के साथ कोटे का संचालन करती हैं। बेटे की असमय मौत से परिवार सदमे में है।

चार दोस्तों की एक साथ मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

एक साथ घर से निकले चारों दोस्तों को किसी ने नहीं सोचा था कि यह उनका आखिरी सफर साबित होगा। सोमवार सुबह तक जिन परिवारों में सामान्य दिनचर्या चल रही थी, वहां मंगलवार को मातम पसरा था। किसी मां ने अपना बेटा खो दिया तो किसी पत्नी का सुहाग उजड़ गया। बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। चार दोस्तों की एक साथ हुई मौत से बिसवां क्षेत्र में शोक की लहर है। हर कोई इस हृदयविदारक हादसे से स्तब्ध है।

ट्रैक्टर से कुचले घायल किसान की अस्पताल में मौत

सीतापुर। तालगांव कोतवाली क्षेत्र में पैसों के लेनदेन के विवाद में ट्रैक्टर से कुचलकर घायल हुए किसान ओमप्रकाश की मंगलवार सुबह मौत हो गई। उन्होंने सुबह करीब 10 बजे जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना में उनके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए थे। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के मेहंदीपुरवा निवासी ओमप्रकाश और कंजाशरीफमुर निवासी मोईन व अनीश के बीच लंबे समय से रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। बीती 20 नवंबर शुक्रवार को यह विवाद हिंसक हो गया। घटना के दिन ओमप्रकाश अपने खेत में खाद डाल रहे थे। इसी दौरान मोईन पुत्र कमरुद्दीन अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गया। रुपये वापस मांगने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष ने अवैध तमंचे से दो राउंड हवाई फायरिंग भी की। इसके बाद मोईन ट्रैक्टर लेकर वहां से जाने लगा। उसे रोकने के लिए ओमप्रकाश ट्रैक्टर के सामने आ गए, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और उन्हें टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर उनके ऊपर चढ़ा दिया। हादसे में उनके दोनों पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गए।

घटना के बाद मोईन भी कोतवाली पहुंच गया और अपने पैर में गोली लगने की बात बताई। इसके बाद पुलिस उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले गई थी। वहीं, गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस अब मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

शौच के लिए घर से निकले बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत

बाराबंकी। जिले के घुंघटेर गांव में तालाब में डूबने से 52 वर्षीय प्रकाश की मौत हो गई। वह मंगलवारध्बुधवार सुबह करीब 6 बजे घर से निकले थे। प्रकाश, विश्वनाथ के बेटे थे। वह शौच के लिए गांव के पास स्थित तालाब की ओर गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गए। काफी देर तक प्रकाश घर नहीं लौटे तो परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। सूचना मिलने पर ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे। घुंघटेर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से प्रकाश का शव तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

डंपर की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र में डंपर की टक्कर से साइकिल सवार 80 वर्षीय भुसई की मौत हो गई। उनके पौत्र की तहरीर पर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। ग्राम हैदरपुरवा मजरे जलालपुर निवासी भुसई, स्व. छंगा के पुत्र थे। 23 नवंबर को वे साइकिल से तलहा रसौली की ओर से आ रहे थे। धर्मकांटा के पास बाराबंकी की तरफसे आ रहे डंपर ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। भुसई की मौके पर ही मौत हो गई। भुसई के पौत्र रामू, कौशल पाल के पुत्र, ने सफदरगंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर में डंपर का नंबर यूपी 41टी-9749 बताया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर की कार्यवाही



सीतापुर। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत चल रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के आठवें दिन जनपद के विभिन्न मार्गों पर विभागीय प्रवर्तन टीमों ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 48 वाहनों के चालान किए गए। चेकिंग अभियान के दौरान अलग-अलग श्रेणियों में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन पकड़े गए। जांच में 5 नाबालिगों को वाहन चलाते हुए पाया गया, जबकि 18 वाहन चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन संचालित करते मिले। इसके अतिरिक्त 25 वाहन बिना वैध बीमा के सड़क पर चलते पाए गए। प्रवर्तन टीमों ने सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 48 चालान किए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़े का उद्देश्य केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करना नहीं, बल्कि आम नागरिकों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी है। इसके लिए विभाग की ओर से चेकिंग अभियान के साथ-साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व और नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना मोटर वाहन अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 30 नवंबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई भी निरंतर जारी रहेगी।

एक नजर

बुजुर्ग की पीट पीटकर हत्या

सिधौली, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के खिड़की पुरवा गांव में 65 वर्षीय बुजुर्ग की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार शाम बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव उनकी झोपड़ी के बाहर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, खिड़की पुरवा निवासी रम्मा (65) पुत्र बलदेव अपने खेत में बनी झोपड़ी में अकेले रहते थे। रविवार शाम उनका शव झोपड़ी के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे उनके पुत्र सुंदर ने पुलिस को बताया कि गांव के ही कुलदीप पुत्र आशाराम और रामू पुत्र लाखन से उनके पिता का कुछ दिन पहले रास्ते को लेकर विवाद हुआ था।आरोप है कि इसी रंजिश में दोनों ने उनके पिता की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एडिशनल एसपी दुर्गेश सिंह ने बताया कि पुत्र सुंदर की तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आग तापते समय बुजुर्ग के कपड़ों में लगी आग इलाज के दौरान तोड़ा दम

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के कल्ली गांव में आग तापते समय कपड़ों में आग लगने से 53 वर्षीय मालकराम की मौत हो गई। सोमवार मध्य रात्रि करीब 12रू30 बजे वह घर के बाहर भैंस बांधने वाली जगह के पास आग ताप रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई। देखते ही देखते वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान सुबह उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, मालकराम रात में सोने के बाद उठकर शौच के लिए गए थे। लौटने के बाद उन्होंने भैंस बांधने वाली जगह के पास आग जलाई और तापने लगे। इसी दौरान उनके कपड़ों में आग लग गई। परिजन नरेंद्र कुमार ने बताया कि आग की चपेट में आने से मालकराम बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। किसी तरह आग बुझाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके। मालकराम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

बाराबंकी। कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र में हैदरगढ़-अवसानेश्वर मार्ग पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद मां और बेटे की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, अमेठी जनपद के कमरौली थाना क्षेत्र के कठौरा गांव निवासी अमरनाथ विश्वकर्मा पुत्र जगन्नाथ अपनी पत्नी कुसमा (50) और बेटे राज विश्वकर्मा के साथ कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध अवसानेश्वर मंदिर में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित मुंडन संस्कार में शामिल होने आए थे। धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद तीनों बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे हैदरगढ़-अवसानेश्वर मार्ग पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास पहुंचे, तभी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर रौनी की तरफसे आ रही तेज रफ्तार एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद करते हुए एंबुलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ भिजवाया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध पांडेय ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद मां कुसमा और बेटे राज विश्वकर्मा की हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद क्षेत्र में अज्ञात वाहन चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही को लेकर चर्चा बनी रही।

प्रकाश पर्व पर एसपी ने गुरुद्वारे में सेवा की,संगत के साथ बैठकर लंगर खाया

बाराबंकी। नगर के लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व मनाया गया। सुबह से श्रद्धालु गुरुद्वारे पहुंचे। गुरबाणी कीर्तन और वाहेगुरु के सिमरन से परिसर गूंजा। इस मौके पर बाराबंकी की पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी भी गुरुद्वारा पहुंचीं। उन्होंने मत्था टेककर आशीर्वाद लिया और सेवा की। इसके बाद संगत के साथ बैठकर लंगर छका। सिक्ख काउंसिल के उपप्रधान अमरजीत सिंह कालरा की पत्नी और बच्चे को रवीना त्यागी दुलार करती नजर आईं। एसपी को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा। गुरुद्वारे को रोशनी और फूलों से सजाया गया था। फूलों से सजी पालकी साहिब आकर्षण का केंद्र रही। हजूरी रागी जत्थे के भाई जितेंद्र सिंह रतनपुरी और संगरूर से आए भाई परगट सिंह के जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन किया। शबद कीर्तन के जरिए गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं, मानवता, प्रेम और समानता का संदेश दिया गया। बैजनाथ रावत, डॉ. पीएल पुनिया, विधायक सुरेश यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह भुल्लन वर्मा और एमएलसी राजू यादव समेत कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने गुरुद्वारे में मत्था टेका। दोपहर करीब 2.30 बजे अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर शुरू हुआ। सभी धर्मों के लोगों ने एक साथ पंक्तियों में बैठकर लंगर छका।

हिमांशु यूपीएससी में पांचवें स्थान पर पहले प्रयास में बने कनिष्ठ खनन भूवैज्ञानिक

सीतापुर। जिले के काकोरी गांव के हिमांशु मिश्रा ने यूपीएससी की भर्ती परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-5 हासिल की है। उनका चयन कनिष्ठ खनन भूवैज्ञानिक, ग्रुप-ए राजपत्रित अधिकारी के पद पर हुआ है। वह भारत सरकार के खान मंत्रालय के अधीन भारतीय खान ब्यूरो में काम करेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले हिमांशु फिलहाल लखनऊ के बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान में शोध कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने करीब दो साल प्ज् रुड़की में शोध किया। हिमांशु की शुरुआती पढ़ाई गांव के प्राथमिक विद्यालय काकोरी में हुई। लौली के शंभू दयाल कृषक इंटर कॉलेज से हाईस्कूल और सिधौली के श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट किया। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक और एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर से भूविज्ञान में परास्नातक की पढ़ाई पूरी की। हिमांशु ने बिना निजी कोचिंग के पहले ही प्रयास में परीक्षा पास की। उनकी एक आंख में परेशानी है। उन्होंने इसे अपनी तैयारी और लक्ष्य के बीच बाधा नहीं बनने दिया। उन्होंने सफलता का श्रेय माता-पिता, चाचा श्रीपाल, छत्रपाल, शिवपाल, कृष्णपाल, कुलदीप और चंद्रपाल मिश्रा, बड़े भाई सचिन, बहनों वंदना, गरिमा और नंदिता, चाची पिंकी, पत्नी दीपिका, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया।

ज्वेलर्स की दुकान से चेन चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में 21 नवंबर को ज्वेलर्स की दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचे दो बदमाशों ने दुकानदार को बातों में उलझाकर सोने की चेन पार कर दी थी। घटना के तीन दिन बाद शनिवार शाम करीब 5 बजे पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सोने की दोनों चेन बरामद हुई हैं। जबकि उसका एक साथी अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुस